राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।

चतुर्थ तल, टेक्नोलॉजी भवन, विश्वेश्वरैया परिसर, बेली रोड, पटना–800015
Website : www.sbtebihar.gov.in ; Email : sbtebihar@bihar.gov.in

पत्रांक :– जे०के०(एस०बी०टी०ई०)01/2018– 4812 /पटना, दिनांक :– 12.12.2022

प्रेषक,

डॉ० चन्द्र शेखर सिंह,
सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
टेक्नोलॉजी भवन, पटना–800015.

सेवा मे,

प्राचार्य,

1. सभी राजकीय पोलिटेकनिक,
2. सभी राजकीय महिला पोलिटेकनिक,
3. सभी निजी पोलिटेकनिक संस्थान।

विषय :– सत्र् **2022** के प्रथम सेमेस्टर एवं 2021 के तृतीय सेमेस्टर Lateral Entry **(L.E.)** के नामांकित छात्र/छात्राओं के निबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि सत्र् **2022** के प्रथम सेमेस्टर एवं 2021 के तृतीय सेमेस्टर Lateral Entry **(L.E.)** में नामांकित छात्र/छात्राओं के निबंधन आवेदन पत्र पर्षद के Website पर उपलब्ध कराए गए विहित प्रपत्र में **On-line** भराया जाना है। निर्धारित शुल्क के रूप में प्रति छात्र 800/– (आठ सौ रूपये मात्र) की दर से पर्षद के **Payment Gateway sbte.bihar.gov.in** के माध्यम से सीधे पर्षद में जमा किया जाना है।

निबंधन हेतु तिथि का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है, जिसे किसी भी परिस्थिति में बढ़ाया नहीं जाएगा।

Online Fee Payment by Candidate	–	21/12/2022
Online Registration of Student Without Fine	–	23/12/2022
Online Registration of Student With Fine	–	05/01/2023

नोट :– निर्धारित तिथि के बाद प्राचार्य द्वारा समुचित कारण के साथ प्रति छात्र 100/– (सौ रूपये मात्र) प्रति दिन की दर से, अधिकतम 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) विलम्ब शुल्क के साथ देय होगा।

पर्षद द्वारा निबंधित छात्र/छात्राएँ ही सामयिक या पर्षद द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने के पात्र होंगे। छात्र/छात्राओं से ऑनलाईन **(Online)** निबंधन आवेदन पत्र की एक प्रति प्राप्त कर उस पर संबंधित छात्र के नामांकन आदेश पर चिपके छाया चित्र के निगेटिव का ही छाया चित्र चिपकाकर तथा प्राचार्य या उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कर **Scan Soft Copy** पर्षद को प्रेषित किया जाए। अभिप्रमाणित करने के क्रम में प्राचार्य या उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर आधा छाया चित्र तथा आधा आवेदन पत्र पर होना चाहिए। निबंधन आवेदन पत्र के साथ सिर्फ नामांकन आदेश,

मैट्रिक के मूल प्रमाण पत्र व्यवसायिक शिक्षा प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित तथा **Online** के माध्यम से जमा की गई राशि का पावती रसीद की अभिप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न कर **Scan Soft Copy** पर्षद को भेजी जाए, जिससे कि समय पर छात्रों का पर्षद द्वारा निबंधन किया जा सके। छात्रों का मूल आवेदन पत्र की प्रति अपने संस्थान में सुरक्षित रख लेगें ताकि पर्षद द्वारा माँगे जाने पर पर्षद को ससमय उपलब्ध कराया जा सके। वांछित प्रमाण पत्र के अभाव में छात्रों का पर्षद में निबंधन नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार का गलत कागजात देने पर संबंधित छात्र/छात्राओं का निबंधन रद्द कर दिया जाएगा।

राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना द्वारा उन्हीं छात्र/छात्राओं का निबंधन किया जाएगा, जिनका नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद या बिहार निजी तकनीकी एवं व्यवसायिक ऐसोसिएशन, बी०पी०टी०पी०आई०ए०, कार्पोरेट ऑफिस–32, पाटलीपुत्रा, कॉलोनी, नीयर पेंशनर भवन पटना–13 द्वारा निर्गत नामांकन प्राधिकार के आदेश के आधार पर हुआ है। निबंधन आवेदन पत्र को अग्रसारित करने के पूर्व निम्नांकित तथ्यों की जाँच प्राचार्य या उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी स्वयं अपने स्तर से करेगें :–

(1)	निबंधन आवेदन पत्र पर अंकित छात्र/छात्रा का नाम, माता–पिता का नाम एवं जन्म तिथि, नामांकन प्राधिकार के आदेश एवं मैट्रिक के मूल प्रमाण पत्र के अनुरूप है। निबंधन आवेदन पत्र पर अंकित शाखा का नाम अपने संस्थान का अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त निर्धारित शाखा के अनुरूप है।
(2)	निबंधन आवेदन पत्र पर चिपकाये गये छाया चित्र का मिलान संबंधित छात्र/छात्रा एवं नामांकन अभिलेख पर चिपके छाया चित्र से किया जाए एवं आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर के जाँच के बाद ही छाया चित्र अभिप्रमाणित किया जाए।
(3)	**(क)** आवेदित छात्र/छात्राओं से प्राप्त निर्धारित शुल्क की राशि उक्त खाता में जमा करने की प्राप्ति रसीद की छाया प्रति संलग्न किया जाए। **(ख)** बैंक ड्राफ्ट् के माध्यम से राशि स्वीकार नहीं किये जाऐगें। **(ग)** चेक के माध्यम से भुगतान अस्वीकार्य होगा। **(ध)** नगद राशि स्वीकार नहीं किये जाऐगें।
(4)	नामांकन आदेश, स्वहस्ताक्षरित फोटो **(एक प्रति)**, मैट्रिक के मूल प्रमाण पत्र एवं व्यवसायिक शिक्षा प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति तथा **Online** जमा की गई शुल्क की राशि का पावती रसीद की अभिप्रमाणित छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।
(5)	छात्र द्वारा **Online** किया गया आवेदन पत्र की प्रति प्राचार्य से प्रमाणित करते हुए संलग्न करना होगा।

विश्वासभाजन,

12/12/22

सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 4812 /पटना, दिनांक :– 12.12.2022

प्रतिलिपि :– सहायक सचिव (निबंधन), परीक्षा नियंत्रक, रोकड़पाल (छात्र कोषांग) एवं परीक्षा शाखा, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद के सभी सहायकों को उपर्युक्त के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/12/22

सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।